# BIGTEST.IN

# 1 जून 2023 से 30 जून 2023

राजस्थान

समसामयिक




**REET | RAS | CET | RPSC | RSMSSB | 2ND GRADE**

[January 2023 Rajasthan Current Affairs]

[February 2023 Rajasthan Current Affairs]
[March 2023 Rajasthan Current Affairs]
[April 2023 Rajasthan Current Affairs]
[May 2023 Rajasthan Current Affairs]

## June 2023 Complete Month Rajasthan Current Affairs

### राजस्थान समसामयिकी – 1 जून 2023

### जयपुर में बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड एंड बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन

- प्रदेश में सार्वजनिक निर्माण विभाग के 13 खंड कार्यालयों, जोधपुर में नए डाक बंगले और जयपुर स्थित मुख्यालय परिसर में 53.8 करोड़ रुपये की लागत से ***सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड एंड बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन*** का निर्माण होगा।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने इन निर्माण कार्यों के लिए 88.60 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी है ।
- जोधपुर में 14 करोड़ रुपये की लागत से नए डाक बंगले का निर्माण होगा।

### देश, दुनिया और राजस्थान का पहला गिग वर्कर वेलफेयर बोर्ड गठित होगा

- राजस्थान में एप–आधारित सेवाएं देने वाले लगभग 5 लाख लोगों के कल्याण के लिए जल्द कानून बनेगा ।
- राजस्थान देश, दुनिया का पहला गिग वर्कर वेलफेयर बोर्ड गठित करने वाला राज्य होगा ।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने दिसम्बर 2022 में राज्य में गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था के दायरे में लाने की घोषणा की थी।

BIGTEST.IN

- श्री गहलोत ने इस वर्ष 10 फरवरी को पेश किए राज्य बजट 2023-24 में गिग वर्कर्स के लिए एक राज्य स्तरीय वेलफेयर बोर्ड गठन का ऐलान किया।

*गिग वर्कर कौन होते है या गिग वर्कर किसे कहा जाता है ?*

एप-आधारित सेवाएं देने वाले लोगो को गिग वर्कर कहा जाता है जैसे ओला,उबर,जोमैटो सीवैगी , अमेज़ोने के लिए डिलीवरी या ड्राईवर का कार्य करने वाले लोगो को गिग वर्कर कहा जाता है ।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

- राजस्थान में ***विश्व तम्बाकू निषेध दिवस*** के अवसर पर 31 मई 2023 को झालाना स्थित **राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर** में आयोजित एक राज्य स्तरीय समारोह में ***'तम्बाकू फ्री यूथ कैम्पेन'*** का शुभारम्भ हुआ ।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2023 थीम क्या है?

विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2023 थीम ***भोजन उगाएं, तंबाकू नहीं*** है ।

## जयपुर, जोधपुर एवं उदयपुर में किसान मेलों का आयोजन

- जयपुर, जोधपुर एवं उदयपुर में किसान मेलों का आयोजन किया जाएगा ।
- राज्य सरकार के कृषि एवं उद्यानिकी विभागों की ओर से आगामी ***16 जून से 1 जुलाई*** तक किसान मेलों का आयोजन होगा।
- **16 से 18 जून को जयपुर में** राज्य स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया जाएगा।
- **23 से 24 जून को उदयपुर में** राज्य स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया जाएगा।

- **30 जून से 1 जुलाई को जोधपुर में** राज्य स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया जाएगा।
- कृषि प्रौद्योगिकी और व्यापार क्षेत्र के लोगों को एक मंच पर लाया जाएगा।
- प्रदेश के किसान खेती, प्रौद्योगिकी, शिक्षाविदों और नीति सहित सभी क्षेत्र के हितधारको को स्थिरता और आर्थिक व्यवहारिता में सुधार के लिए अपने विचारों का आदान–प्रदान कर सकेंगे।

## राज्यपाल कलराज मिश्र ने दिलाई आगस्टिन जॉर्ज मसीह को शपथ

- राज्यपाल कलराज मिश्र ने 30 मई 2023 को राजभवन में राजस्थान हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आगस्टिन जॉर्ज मसीह को शपथ दिलाई।
- जॉर्ज मसीह 10 जुलाई 2008 को पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट में अतिरिक्त न्यायाधीश के पद पर नियुक्त हुए थे।
- ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह राजस्थान हाईकोर्ट के 41 वे मुख्य न्यायाधीश होंगे।

## स्टेटस रिपोर्ट ऑन ड्रिंकिंग वाटर क्वालिटी इन अरबन टाउन्स 2022–23 रिलीज

- 31 मई 2023 को जयपुर में हुई कार्यशाला में जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुबोध अग्रवाल ने *'स्टेटस रिपोर्ट ऑन ड्रिंकिंग वाटर क्वालिटी इन अरबन टाउन्स ऑफ राजस्थान 2022-23'* भी रिलीज की।
- इस कार्यशाला *में यूनिसेफ की स्टेट हैड इजाबेल बर्डम* भी शामिल हुई।
- डॉक्टर सुबोध अग्रवाल बुधवार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के रसायनज्ञों की राज्य स्तरीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि थे।

BIGTEST.IN

- 2025-26 तक सतही जल आधारित होगी 90 प्रतिशत पेयजल आपूर्ति –अति. मुख्य सचिव, पीएचईडी।

**जल जीवन मिशन से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण तथ्य**

- 2025-26 में प्रदेश के 1 करोड़ 7 लाख घरों में नल के माध्यम से पेयजल उपलब्ध होने लगेगा।
- जल जीवन मिशन के तहत समस्त परियोजनाएं पूरी होने पर 2025 के अंत तक राजस्थान में 90 फीसदी पेयजल सतही स्त्रोतों से उपलब्ध होने लगेगा और भूजल पर निर्भरता 10 फीसदी रह जाएगी।
- जल जीवन मिशन के तहत मंजूर इन वृहद परियोजनाओं में राज्य सरकार की हिस्सा राशि 60 प्रतिशत जबकि केन्द्र की 40 प्रतिशत होगी।
- इन परियोजनाओं के पूरी होने के बाद प्रदेश के 11 जिलों के 5739 गांव भूजल से सतही जल आधारित योजनाओं पर आ जाएंगे।
- यूनिसेफ की स्टेट हैड इजाबेल बर्डम ने कहा कि सभी के पीने योग्य जल की उपलब्धता आज की सबसे बड़ी जरूरत है।
- उन्होंने वाटर हार्वेस्टिंग के लिए आधुनिक तकनीक के साथ ही परंपरागत जल संचय प्रणालियों के उपयोग की आवश्यकता जताई।

BIGTEST.IN

## पर्यटन विभाग का राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट तीसरा प्रमोशनल टूरिज्म रोड शो जोधपुर में

- राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) के तीसरे संस्करण का आयोजन 14 से 16 जुलाई, 2023 तक जयपुर में होगा।

- इस संबंध में आरडीटीएम के तीसरे प्रमोशनल टूरिज्म रोड शो का आयोजन गुरुवार 1 जून को जोधपुर में किया जा रहा है।
- यह कार्यक्रम जोधपुर के उम्मेद भवन पैलेस में आयोजित होगा।
- यह आयोजन पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार और फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।
- एफएचटीआर के अध्यक्ष, श्री अपूर्व कुमार ने बताया कि इस वर्ष आरडीटीएम 2023 की थीम 'सस्टेनेबल टूरिज्म' है।
- आरडीटीएम के दो प्रमोशनल रोड शो जयपुर और उदयपुर में पहले ही आयोजित हो चुके हैं।
- अब जोधपुर के बाद अन्य रोड शो भरतपुर और मंडावा में होंगे।

राजस्थान पर्यटन से सम्बंधित फुल फॉर्म

1. राटो (RATO) - राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेशंस
2. एचआरएआर (HRAR) - होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान
3. आईएचएचए(IHHA) - इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन
4. जारा(JARA) - जोधाना होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन
5. एफएचटीआर (FHTR)- फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान

## नर्सिंग स्टूडेंट्स के लिए जयपुर में प्रदेश की पहली स्किल लैब के विकसित होगी

- 10 यूनिट के सेटअप की यह मॉडल लैब अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगी ।
- राजस्थान नर्सिंग काउंसिल भवन के ऊपर प्रस्तावित इस लेव पुर प्रथम चरण में 15 करोड़ खर्च होने का प्रस्ताव है।

राजस्थान समसामयिकी – 2 जून 2023

## पवन ऊर्जा उत्पादन में राजस्थान को किया जाएगा सम्मानित

- वित्त वर्ष 2022–23 में पवन ऊर्जा उत्पादन में सालाना आधार पर उच्चतम वृद्धि के लिए राजस्थान को पुरस्कृत किया जाएगा।
- केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) और राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान (एनआईडब्ल्यूई) द्वारा 15 जून को दिल्ली में होने वाले ग्लोबल विंड डे कार्यक्रम में यह पुरस्कार दिया जाएगा ।
- वैश्विक पवन ऊर्जा उत्पादन में भारत चौथे स्थान पर पहुंच गया है।
- राजस्थान में पवन ऊर्जा की उत्पादन क्षमता 15 गीगावाट वार्षिक करने के लिए 25,000 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है।
- आर्थिक समीक्षा 2022–23 के अनुसार गैर परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों से उत्पन्न ऊर्जा–

1. पवन ऊर्जा से उत्पन्न ऊर्जा – 3730.35 मेगावाट
2. सौर ऊर्जा 3348.60 मेगा वाट
3. बायोमास 101.95 मेगा वाट

## मांड गायिका बैतूल वेगम राजस्थान गौरव पुरस्कार से सम्मानित

- 3 अप्रैल, 2023 को राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने संस्कृति युवा संस्था द्वारा एक निजी होटल में आयोजित 'राजस्थान गौरव'सम्मान समारोह में 'राजस्थान गौरव'से विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

- 2021 में राष्ट्रीय नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित मांड गायिका बैतूल बेगम को राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा राजस्थान गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## अर्न्ड सैलेरी एडवांस ड्रॉल एक्सेस स्कीम'

- राजस्थान में राजकीय कार्मिक अब आकस्मिक आवश्यकता होने पर पर अपने वेतन का अग्रिम भुगतान ले सकेंगे।
- इसके लिए मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने अर्न्ड सैलेरी एडवांस ड्रॉल एक्सेस स्कीम' (Salary Advance Drawal Access Scheme ) को मंजूरी दी है।
- यह योजना 1 जून से राज्य सरकार के सभी कार्मिकों के लिए उपलब्ध होगी।
- स्वीकृत योजना के संबंध में कार्यवाही राजस्थान फाइनेंशियल सर्विस डिलीवरी लिमिटेड द्वारा की जाएगी।
- योजना में कार्मिकों को माह के अंत से पहले ही आनुपातिक रूप से वेतन का अग्रिम भुगतान देने का प्रावधान है।

## जयपुर कमिश्नरेट के नेतृत्व में जयपुर में गैंगस्टर क्लीन बोल्ड अभियान चलाया

- जयपुर कमिश्नरेट के कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव के नेतृत्व में जयपुर में गैंगस्टर क्लीन बोल्ड अभियान चलाया जा रहा है।

## राजस्थान समसामयिकी – 3 जून 2023

## जोधपुर की विमला माचरा का भारतीय साइक्लिंग टीम में चयन

- जोधपुर की विमला माचरा का एशियन ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय साइक्लिंग टीम में चयन हुआ है।

- वह 14 जून से 19 जून 2023 के बीच मलेशिया में होने वाली एशियन साइक्लिंग चैंपियनशिप में भाग लेंगी।

## बाल विवाह निरस्त करवाने के लिए डॉ. कृति भारती का एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज

- सारथी ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी एवं पुर्नवास मनोवैज्ञानिक डॉ. कृति भारती की बाल विवाह निरस्त की साहसिक मुहिम में एक बार फिर दोहरे रिकॉर्ड कायम हो गए।
- एशिया में सर्वाधिक 49 बाल विवाह निरस्त करवाने के लिए डॉ. कृति भारती व सारथी ट्रस्ट का नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है
- बाल विवाह के लिए अबूझ सावा माने जाने वाली आखातीज पर ही अनूठी सुप्रथा चलाकर लगातार आठ सालों तक आखातीज पर बाल विवाह निरस्त करवाने की अनूठी मुहिम को भी एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है।
- अब तक डॉ. कृति भारती बाल विवाह निरस्त व रोकथाम की मुहिम में 9 रिकॉर्ड कायम कर चुकी हैं।

## देश व राजस्थान पहला फ्लोटिंग सोलर प्लांट दरोली माईस, उदयपुर

- उदयपुर सीमेंट वर्कर्स लिमिटेड द्वारा देश पहला फ्लोटिंग सोलर प्लांट दरोली माईस, उदयपुर लगाया जाएगा।

BIGTEST.IN

- कंपनी ने दरोली माइंस में मेगावॉट का फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट लगाया है, जिससे रोजाना 5000 यूनिट बिजली मिल रही है।
- दरोली देश की पहली माइंस है, जहां फ्लोटिंग प्लांट लगा है, वहीं प्रदेश में यह प्रयोग करने वाली पहली कंपनी है।

## मध्यप्रदेश में 5th नेशनल चैंपियनशिप में सीकर निवासी अमित ने जीता गोल्ड मेडल

- मध्यप्रदेश के ग्वालियर में हुए स्पोर्ट्स डेवलपमेंट प्रमोशन फेडरेशन ऑफ इंडिया की 5th नेशनल चैंपियनशिप में सीकर के धावक अमित ने गोल्ड मेडल जीता है।
- अमित को यह मेडल 200 मीटर रेस में पहला स्थान हासिल करने पर मिला है।
- अमित ने 200 मीटर की यह रेस 22.58 सेकंड में पूरी की।

राजस्थान समसामयिकी – 4 जून 2023

## भीलवाड़ा में मेगा जॉब फेयर का आयोजन

- 7 जून 2023 को भीलवाड़ा में राजस्थान मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा।

BIGTEST.IN

## लखनऊ में आयोजित तृतीय खेलो इंडिया विश्वविद्यालय गेम्स 2022–23

- लखनऊ में 23 मई से 03 जून 2023 तक आयोजित हो रही तृतीय खेलो इंडिया विश्वविद्यालय गेम्स 2022–23 मे राजस्थान विश्वविद्यालय की मोनिका चौधरी ने जूडो प्रतियोगिता की 52 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है।
- तथा नैतिक जांगिड़ ने भारोत्तोलन प्रतियोगिता में 81 किलो वर्ग में 293 किलो वजन उठाते हुए रजत पदक प्राप्त किया।
- एथलीट प्रदीप कुमार ने एथेलेटिक्स प्रतियोगिता की 10 हजार मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी की पूजा कुमावत ने पैदल चाल में स्वर्ण पदक जीता है।
- कोटा यूनिवर्सिटी की खिलाड़ी फिरदोस कायमखानी ने तैराकी में स्वर्ण पदक जीता है।

## मोलेला गाँव, राजसमंद में कलाकारों के लिए शिल्पबाड़ी निर्माण के लिए 2 करोड़ 55 लाख की स्वीकृति

- मरण शिल्प कला टेराकोटा आर्ट के लिए देश दुनिया में प्रसिद्ध मोलेला गाँव, राजसमंद में कलाकारों के लिए शिल्पबाड़ी बनेगी

BIGTEST.IN

- इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 2 करोड़ 55 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की है।
- टेराकोटा कला को GI टैग भी मिल चुका है।
- कार्यकारी एजेंसी– राजस्थान पुरातत्व विभाग

## धौलपुर, जालोर और नागौर में खेलों के लिए बनेंगे इन्डोर हॉल

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने धौलपुर, जालोर और नागौर में खेलों के लिए इन्डोर हॉल निर्माण के लिए 15.15 करोड़ रुपये के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

### राजस्थान समसामयिकी – 5 जून 2023

## जल कनेक्शन देने राजस्थान अभी देश में 12वें स्थान पर

- राजस्थान में जल जीवन मिशन में अभी तक जल कनेक्शन का आंकड़ा 42.14 लाख को पार कर गया है।
- कुल कनेक्शन के आधार पर राजस्थान अभी देश में 12वें स्थान पर है जबकि जल जीवन मिशन में अभी तक 16 हजार 36 करोड़ रुपए खर्च कर व्यय के मामले में प्रदेश दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। मिशन के तहत चालू वित्तीय वर्ष में अभी तक कुल 1521 करोड़ रुपए व्यय किए जा चुके हैं।

BIGTEST.IN

- वित्तीय वर्ष 2022–23 के जल जीवन मिशन के तय लक्ष्यों को हासिल करने वाले श्रेष्ठ 5 जिलों में झालावाड़ ने 76 प्रतिशत, भीलवाड़ा ने 71, कोटा ने 69, चित्तौड़गढ़ ने 66 एवं उदयपुर ने 66 प्रतिशत प्रगति दर्ज की।
- राजस्थान में कुल 7 जिलों ने 50 फीसदी से अधिक जल कनेक्शन का लक्ष्य हासिल किया है।

## झुंझुनू की बेटी शर्मिला कबड्डी प्रतियोगिता की सबसे महंगी खिलाड़ी

- झुंझुनू जिले के खेतड़ी उपखण्ड की गोरीर गांव की बेटी शर्मिला मान कबड्डी प्रतियोगिता की सबसे महंगी खिलाड़ी बनी हैं।
- दुबई के शबाब अल अहली स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में 16 से 27 जून तक होने वाली महिला कबड्डी लीग प्रतियोगिता के लिए शर्मिला का चयन हुआ है।
- जयपुर में महिला कबड्डी लीग के प्रथम संस्करण के लिए हुए खिलाड़ियों के ऑक्शन में हरियाणा हेसलर्स ने 33 लाख रुपये में शर्मिला को खरीदा है।

## उदयपुर में संत पीपा शोध अध्ययन केन्द्र स्थापित करने की मंजूरी

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मध्यकालीन भक्ति साहित्य के प्रसिद्ध संत पीपाजी के नाम पर मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर में संत पीपा शोध अध्ययन केन्द्र स्थापित करने को मंजूरी प्रदान की है।
- संत पीपा शोध अध्ययन केन्द्र विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में संचालित होगा।

BIGTEST.IN

- इस निर्णय से स्नातक, स्नात्तकोत्तर एवं पीएचडी के विद्यार्थी तत्कालीन समाज की स्थिति पर अध्ययन एवं शोध कर सकेंगे।

## राजस्थान में पहली बार मणिपाल विश्वविद्यालय, जयपुर को अंतरराष्ट्रीय स्तर की इंपैक्ट रैंकिंग 2023 में मिला स्थान

- राजस्थान के इतिहास में पहली बार मणिपाल विश्वविद्यालय, जयपुर को अंतरराष्ट्रीय स्तर की इंपैक्ट रैंकिंग 2023 में 600-800 रैंक के मध्य स्थान मिला है।

## जयपुर में प्रीमियर हैंडबाल लीग का 8 से 25 जून 2023 तक आयोजन

- प्रीमियर हैंडबाल लीग (पीएचएल) का उद्घाटन सत्र जयपुर में होगा मैच 8 से 25 जून 2023 तक सवाईमानसिंह इंडोर स्टेडियम में होंगे।
- लीग में कुल छह टीमें खेल रही हैं।
- इसमें राजस्थान पेट्रियट्स, गर्वित गुजरात, महाराष्ट्र आयरनमेन, गोल्डन ईगल्स उत्तर प्रदेश, तेलुगु टैलेंट और दिल्ली पैंजर्स मुकाबले में हैं।

राजस्थान समसामयिकी – 6 जून 2023

## राजस्थान पर्यावरण गौरव अवॉर्ड-2023

- विश्व पर्यावरण दिवस पर पदमश्री लक्ष्मण सिंह लापोड़िया और सुंडा राम वर्मा को "राजस्थान पर्यावरण गौरव अवॉर्ड-2023" से सम्मानित किया गया।

BIGTEST.IN

- 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस थीम "बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन" है।

## पर्यावरण संरक्षण रैंकिंग में राजस्थान 29वें स्थान पर

- सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट की सालाना रिपोर्ट स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरमेंट इन फिगर्स 2023 –
- पर्यावरण संरक्षण रैंकिंग में ग्रीन कवर बढ़ाने और ठोस कचरे के प्रबंधन के दम पर देश के सभी राज्यों में तेलंगाना अव्वल है ।
- ओर इसी रैंकिंग में राजस्थान 29वें (आखिरी) स्थान पर है।
- इसमें राजस्थान को 2.757 अंक मिले हैं तथा तेलंगाना को 7.215 अंक मिले हैं ।

## राजस्थान का पहला आंधी गांव, जयपुर जो जीरो वेस्ट बनेगा

- राजस्थान का यह पहला गांव होगा, जहां सॉलिड वेस्ट और ग्रे वाटर को एक साथ ट्रीट किया जाएगा।
- घंटों के साथ–साथ हॉस्पिटल का वेस्ट वाटर भी ट्रीट करके रियूज होगा।
- इसके लिए बाहरी के बजाय ग्रीन एनर्जी का इस्तेमाल करते हुए एसटीपी प्लांट लगाए जाएंगे।
- यहां तक की केना इंडिका पोधे के जरिए पानी फिल्टर होगा।
- एलपीजी की जगह बायोगैस से मिड–डे मील बनाया जाएगा।

BIGTEST.IN

- तीन सालों में यह गांव जीरो वेस्ट बन जाएगा।
- आंधी गांव में पूरी तरह से यह बदलाव डिपार्टमेंट साइंस ऑफ टेक्नोलॉजी एक प्रोजेक्ट के तहत किया जा रहा है।
- यह प्रोजेक्ट ट्रांसफोमिंग आंधी विलेज टू जीरो वेस्ट मॉडल यूजिंग ग्रीन टेक्नोलॉजी इंटरवेंशन है। 21 मार्च 2022 में यह प्रोजेक्ट शुरू हुआ था।

## राजस्थान टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के बने अध्यक्ष राजीव अरोड़ा

- राजस्थान टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के निर्विरोध अध्यक्ष राजीव अरोड़ा को बनाया गया।

## धोलाई गांव में इंटीग्रेटेड रिसोर्स रिकवरी पार्क का शिलान्यास

- विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्य के वन व पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी ने जयपुर के धोलाई गांव में इंटीग्रेटेड रिसोर्स रिकवरी पार्क का शिलान्यास।
- इस दौरान वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 33 नए एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन का उद्घाटन किया गया।
- राजस्थान में पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित किया गया है।

BIGTEST.IN

## इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना 5 जून 2023 को प्रदेश में लाभार्थी उत्सव

- इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना को लेकर 5 जून 2023 को प्रदेश के सभी जिलों में लाभार्थी उत्सव का आयोजन किया गया।
- जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 14 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में 260 करोड़ का लाभ हस्तांतरित किया।

## राजस्थान समसामयिकी – 7 जून 2023

### स्वच्छता अभियान सप्ताह का शुभारंभ

- राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने 6 जून 2023 को प्रसिद्ध पर्यटन स्थल माउंट आबू में वॉक–वे पर झाड़ू लगाकर 'स्वच्छता अभियान सप्ताह' की शुरुआत की।
- श्री कलराज मिश्र ने नक्की झील के किनारे पौधारोपण भी किया।

### 100 ग्राम सेवा सहकारी समितियों में 100-100 मीट्रिक टन क्षमता के बनेंगे गोदाम

- राजस्थान में फसल उत्पादों के भण्डारण की क्षमता बढ़ाने के लिए 100 ग्राम सेवा सहकारी समिति यों में 100–100 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम बनाए जाएंगे।
- इसके लिए मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने 12 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
- यह राशि कृषक कल्याण कोष से वहन होगी ।

BIGTEST.IN

## जयपुर में कृषि उत्पाद व्यापार भवन का शिलान्यास

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने 6 जून 2023 को जयपुर में राजधानी मंडी परिसर में राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के कृषि उत्पाद व्यापार भवन का शिलान्यास किया ।
- श्री अशोक गहलोत ने राजस्थान की सभी मंडियों के व्यापार मंडल कार्यालय के लिए निशुल्क भूमि आवंटित करने की घोषणा की।

## राजसमंद में ₹48 करोड़ की लागत से बनेंगे नए डेयरी प्लांट

- राजसमंद जिले के दूध उत्पादक पशुपालकों को बेहतर सेवाएं देने के लिए 48 करोड़ रुपये की लागत से 50 हजार लीटर प्रतिदिन की क्षमता का डेयरी प्लान्ट बनेगा।
- कृषि एवं पशु पालन मंत्री श्री लालचन्द कटारिया है।
- सहकारिता मंत्री श्री उदय लाल आंजना है।

## राजस्थान के 4 संस्थान – उच्च शिक्षण संस्थानों में शामिल

- नेशनल इंस्टीट्यूशन बैंकिंग फ्रेमवर्क 2023 के मुताबिक आईआईटी मद्रास प्रथम तथा बेंगलुरू का आईआईएससी दूसरे स्थान पर है।
- मेनेजमेंट संस्थानों में आईआईएम अहमदाबाद लगातार चौथे साल अव्वल रहा।
- राजस्थान के 4 संस्थान उच्च शिक्षण संस्थानों में शामिल हैं।
- राजस्थान का बीआईटी पिलानी (बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, बिट्स पिलानी) 25वें स्थान पर है।
- आईआईटी जोधपुर– 66 वें स्थान पर है।

BIGTEST.IN

- MNIT, जयपुर 62 वें स्थान पर है।
- वनस्थली विद्यापीठ, टोंक 97 वें स्थान पर है।

## एशियाई अंडर–20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिद्धार्थ चौधरी ने जीता गोल्ड मेडल

- गोला फेंक खिलाड़ी सिद्धार्थ चौधरी ने एशियाई अंडर–20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 19.52 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से भारत के लिए तीसरा गोल्ड मेडल जीता।
- इस 17 साल के खिलाड़ी ने अपने तीसरे प्रयास में 19.52 मीटर का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।
- भारत ने प्रतियोगिता के दूसरे दिन छह मेडल जीतकर जापान (आठ गोल्ड, दो सिल्वर, दो ब्रॉन्ज और चीन (पांच गोल्ड, तीन सिल्वर, दो ब्रॉन्ज) के बाद तीन गोल्ड, तीन सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

## वर्ल्ड मास्टर्स टेनिस चैंपियनशिप में उदयपुर के दीपांकर चक्रवर्ती का भारतीय टीम में चयन

- पुर्तगाल में होने वाली वर्ल्ड मास्टर्स टेनिस चैंपियनशिप के लिए उदयपुर के दीपांकर चक्रवर्ती का चयन भारतीय टीम में हुआ है।

BIGTEST.IN

## राजस्थान समसामयिकी – 8 जून 2023

### डॉ. विनोद सोमानी के नव प्रकाशित कहानी संग्रह 'चौराहे के तीन रास्ते' का विमोचन

- अजमेर ज़िला कलक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने हिन्दी एवं राजस्थानी भाषा के नामचीन वयोवृद्ध साहित्यकार डॉ. विनोद सोमानी हंस के नव प्रकाशित कहानी–संग्रह 'चौराहे के तीन रास्ते' का विमोचन किया।

### राजसमंद के सुनील सुईवाल ने लॉग जंप में कौनसा पदक जीता ?

- एसडीपीएफ नेशनल चैंपियनशिप ग्वालियर में राजसमंद के सुनील सुईवाल ने लॉग जंप में रजत पदक जीता है।

### सावित्री बाई फुले की पंचधातु से निर्मित प्रतिमा का अनावरण कहां किया गया?

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सावित्री बाई फुले की पंचधातु से निर्मित प्रतिमा का अनावरण रोहट, पाली में किया।

## राजस्थान समसामयिकी – 9 जून 2023

### सिरोही के दुदीया तालाब का सौंदर्यीकरण करने की मंजूरी

- पर्यटन विभाग द्वारा सिरोही के दुदीया तालाब का सौंदर्यीकरण करने की मंजूरी दी है।

### ब्रज क्षेत्र धार्मिक विकास बोर्ड और थार क्षेत्र विकास बोर्ड के गठन को मंजूरी

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 2 नए बोर्ड ब्रज क्षेत्र धार्मिक विकास बोर्ड और थार क्षेत्र विकास बोर्ड के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

BIGTEST.IN

- दोनों बोर्ड का मुख्यालय जयपुर होगा।
- पर्यटन विभाग इनका प्रशासनिक विभाग होगा।
- ब्रज क्षेत्र धार्मिक विकास बोर्ड इस बोर्ड में अध्यक्ष सहित चार गैर सरकारी सदस्य होंगे।
- यह बोर्ड ब्रज क्षेत्र को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने, क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने और पर्यटक स्थलों के विकास के लिए सरकार को सुझाव देगा।
- थार क्षेत्र विकास बोर्ड इस बोर्ड में अध्यक्ष सहित चार गैर सरकारी सदस्य होंगे, कार्यक्षेत्र चूरू हनुमानगढ़, बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर जिलो में रहेगा।

## पंजाब के अमृतसर में नेशनल प्राईड सम्मान समारोह का आयोजन

- अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की ओर से पंजाब के अमृतसर में नेशनल प्राईड सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।
- समारोह के मुख्य अतिथि फिल्म अभिनेत्री व पूर्व राज्यसभा सदस्य जयप्रदा थी जयपुर के पृथ्वीपाल सिंह को नेशनल प्राईड सम्मान से नवाजा गया।

## 5 वें फूड सेफ्टी इंडेक्स में राजस्थान 8वें नंबर पर

- केंद्र द्वारा 5वां फूड सेफ्टी इंडेक्स जारी किया। इसमें 20 बड़े राज्यों में केरल पहले, पंजाब दूसरा स्थान पर है।
- तमिलनाडु पहले से तीसरे पर पहुंच गया। राजस्थान दो अंक के सुधार के साथ 10वें से 8वें पायदान पर आ गया। राजस्थान का स्कोर – (45.0)
- 8 छोटे राज्यों में गोवा लगातार चौथी बार शीर्ष पर रहा।

BIGTEST.IN

राजस्थान समसामयिकी – 10 जून 2023

## बांसवाड़ा में मैंगो फेस्टिवल का आयोजन

- बांसवाड़ा में 10–12 जून 2023 को तीन दिवसीय मैंगो फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।
- जनजातीय मंत्री अर्जुन राम बामनिया ने इसकी शुरुआत की।

## भरतपुर के रुद्राक्ष खंडेलवाल ने शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप में जीता कांस्य पदक

- भरतपुर के रुद्राक्ष खंडेलवाल ने दक्षिणी कोरिया के चांगवान में आयोजित शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप की 50 मीटर पिस्टल इवेंट में कांस्य पदक जीता है।

- साहिल चौधरी– भरतपुर के साहिल चौधरी ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

## पर्यटन स्थल के रूप में टोंक में स्थित सुनहरी कोठी, हाथी भाटा विकसित

- टोंक में स्थित सुनहरी कोठी, हाथी भाटा को राज्य पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

## कजाकिस्तान में वैन्या कैडेट यूथ एंबेसडर के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी

- जयपुर के वनस्थली विद्यापीठ से राज गर्ल्स बीएन एनसीसी की कॉर्पोरल वैन्या गंगवानी कजाकिस्तान जाएगी।
- वैन्या कैडेट यूथ एंबेसडर के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

BIGTEST.IN

- रिपब्लिक डे परेड 2023 में शामिल हुई वेन्या गंगवानी, राजस्थान से एकमात्र एनसीसी कैडेट है, जिनका चयन यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत कजाकिस्तान के लिए हुआ है। वैन्या का वाईईपी के लिये चयन गणतंत्र दिवस परेड के दौरान हुआ।

## राजस्थान समसामयिकी – 11 जून 2023

### नागौर में मेगा जॉब फेयर का आयोजन

- राजस्थान के नागौर जिले राजकीय स्टेडियम में 13 जून 2023 को मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा।

### जयपुर की अनुया प्रसाद ने वुमन कैटेगरी में जीता स्वर्ण पदक

- दिल्ली में आयोजित 11वीं भारतीय ओपन चैंपियनशिप में जयपुर की अनुया प्रसाद ने 10 मीटर एयर पिस्टल डेफ कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता है ।
- इसके अलावा उन्होंने जनवरी 2023 में 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल डेफ वुमन केटेगरी में कांस्य पदक जीता था ।

### डॉक्टर ओपी माचरा को "फखरे राजस्थान" सम्मान से किया सम्मानित

- बनारस में 42 वीं सीनियर नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में राजस्थान ने पुरुष वर्ग ने स्वर्ण पदक जीता।
- इसके लिए राजस्थान शूटिंग बॉल संघ के महासचिव डॉ ओपी माचरा को "फखरे राजस्थान" सम्मान से सम्मानित किया गया ।

BIGTEST.IN

## हाउसिंग बोर्ड के 4 प्रोजेक्ट्स को एक्सीलेंस इन बिल्ट एनवायरनमेंट के लिए किया सम्मानित

- शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार की इकाई आईबीसी (इंडियन बिल्डिंग्स कांग्रेस) ने हाउसिंग बोर्ड के 4 प्रोजेक्ट्स को एक्सीलेंस इन बिल्ट एनवायरनमेंट के लिए सम्मानित किया।

1. सिटीपार्क,
2. कोचिंग हब,
3. चौपाटी

## शिक्षक प्रहरी आवास योजना

- कोचिंग हब प्रताप नगर में बना कोचिंग हब देश का पहला ऐसा संस्थान है, जहां अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन में निजी कोचिंग एक साथ संचालित होने को हैं।
- शिक्षक प्रहरी आवास योजना– प्रदेश में शिक्षक और कांस्टेबल के लिए पहली बार बनी आवास परियोजना रही जहां रहवासियों को स्विमिंग पूल, स्पोर्ट्स अटेना, कम्युनिटी एरिया, लैंड स्केपिंग तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।
- राजस्थान आवासन मंडल स्थापना – फरवरी 1970
- मुख्यालय – जयपुर

BIGTEST.IN

- वर्तमान चेयरमैन – पवन अरोड़ा
- राजस्थान हाउसिंग बोर्ड देश की सबसे बड़ी डेटा रजिस्टर्ड संस्था बन गई है।
- चार वर्षों में बोर्ड को कुल 21 अवार्ड मिल चुके हैं। इनमें मकान विक्रय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, स्कॉच अवार्ड–2021, अवार्ड ऑफ एक्सीलेन्सी, नेशनल टियल एस्टेट डवलपमेंट काउंसिल द्वारा सम्मान, नेशनल हाउसिंग अवार्ड, आई. बी. सी और स्टार ऑफ गवर्नेस– गोल्ड अवार्ड और नटेडको द्वारा दिए रियल एस्टेट कॉन्क्लेव जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड शामिल है।

राजस्थान समसामयिकी – 12 जून 2023

## किशनलाल सुथार को कृषि मशीन नवाचार में लाइफटाइम उपलब्धि पुरस्कार से किया सम्मानित

- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने बीकानेर के गांव दुलचासर के किसान किशनलाल सुथार को कृषि मशीन नवाचार में लाइफटाइम उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित किया।
- सुधार ने मूंगफली का दाना निकालने की मशीन बनाई।

BIGTEST.IN

## हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर खेमचंद खत्री को सेंट्रल रीजनल एक्सपोर्ट एक्सीलेंट अवार्ड से किया सम्मानित

- लेदर एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जयपुर के हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर खेमचंद खत्री को सेंट्रल रीजनल एक्सपोर्ट एक्सीलेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है।
- राज्य सरकार की ओर से उद्योग रत्न अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है।
- खत्री राजस्थान से एकमात्र एक्सपोर्टर है जिन्हें अवार्ड प्रदान किया गया।
- खत्री को पिछले तीन साल से हाईएस्ट एक्सपोर्ट अवार्ड से नवाजा जा चुका है।

## राजस्थान में 7 खेल अकादमियां की जाएंगी स्थापित

- खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में अब 7 खेल अकादमियां स्थापित की जाएंगी।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 7 जिलों में खेल अकादमियों के लिए 14.25 करोड़ रुपए की वित्तीय मंजूरी दी है।
- सीकर के कोलिड़ा एवं बांसवाड़ा में फुटबॉल अकादमी
- बीकानेर में साइकलिंग अकादमी / भीलवाड़ा में कुश्ती अकादमी राजगढ़ (चूरू) में एथलेक्टिस अकादमी / बाड़मेर व सीकर में बास्केटबॉल अकादमी इन अकादमियों का निर्माण 2-2 करोड़ रुपए की लागत से होगा।

BIGTEST.IN

- साथ ही, डीडवाना (नागौर) में कबड्डी अकादमी का निर्माण 25 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा।
- इससे स्थानीय स्तर पर ही युवाओं को खेलों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे।

## राजस्थान समसामयिकी – 13 जून 2023

### हरिदेव जोशी विश्वविद्यालय (एचजेयू) और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के बीच एमओयू

- मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों की पढाई कर रहे विद्यार्थियों में स्वास्थ्य, जेंडर और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों की समझ बढ़ाने के लिए हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय (एचजेयू) और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने एमओयू किया है।
- जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में यूएनएफपीए की कंट्री हेड एंड्रिया वोयनाट, एचजेयू की कुलपति प्रो. सुधि राजीव ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

### किसानों को अपने खेत में आवास निर्माण के लिए राज्य सरकार देगी 50 लाख रुपये तक का ऋण

- राजस्थान सरकार किसानों को अपने खेत पर आवास निर्माण के लिए 50 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराएगी।
- इसके लिए सहकारिता विभाग ने सहकार ग्राम आवास योजना शुरू की है।

BIGTEST.IN

- योजना में केन्द्रीय सहकारी बैंकों द्वारा किसानों को तीन किश्तों में ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।
- समय पर ऋण व्याज देना होगा। चुकाने वाले किसानों को 5% ब्याज अनुदान मिलेगा।
- योजना के तहत ऋण राशि पर किसान को केवल 6% व्याज देना होगा।
- दीर्घकालीन अवधि का यह ऋण 15 वर्ष के लिए होगा।

## मुख्यमंत्री ने बांसवाड़ा में अनास नदी पर साइफन निर्माण का किया शिलान्यास

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने बांसवाड़ा के लंकाई (बागीदौरा ) में अपर हाई लेवल केनाल परियोजना के तहत अनास नदी पर साइफन निर्माण का शिलान्यास किया।
- उन्होंने मगरदा में 2,500 करोड़ रुपये की अपर हाई लेवल कैनाल परियोजना की भी आधारशिला रखी।
- मुख्यमंत्री ने बांसवाड़ा जिले की ग्राम पंचायत छोटी सरवा को पंचायत समिति क्रमोन्नत करने की घोषणा की।

## विश्व के खूबसूरत छोटे कस्बों में शामिल – मंडावा (झूंझूनू)

- विश्व की प्रसिद्ध ट्रेवलर मैग्जीन ने अपने अध्ययन व सर्वे के बाद मंडावा को पूरे विश्व के खूबसूरत छोटे कस्बों में शामिल किया है।

BIGTEST.IN

- मैग्जीन ने विश्व के 50 कस्बों के नाम जारी किए हैं।
- इसमें पहले नंबर पर स्पेन का अलबरैशिन करवा है, जबकि मंडावा तीसवें नंबर है।

## नाथूला टाइगर के नाम से विख्यात कर्नल बिशनसिंह राठौड़ का निधन

- भारतीय सेना में नाथूला टाइगर के नाम से विख्यात कर्नल बिशनसिंह राठौड़ का जन्म 10 नवंबर 1938 को नागौर जिले की नावां तहसील के भगवानपुरा गांव में हुआ।
- उनके द्वारा लिखी गई एक किताब ट्रांसेंडिंग सोटो एण्ड सफटिंग प्रकाशित हो चुकी है। उनकी नई किताब 'MODI' (Mindfulness of Divine Insight) कुछ ही दिनों में प्रकाशित होने वाली है।

# राजस्थान समसामयिकी – 14 जून 2023

## राजस्थानी साहित्यकार श्यामसुन्दर भारती आजाद की काव्य कृतियों का लोकार्पण

- राजस्थानी साहित्यकार श्यामसुन्दर भारती आजाद की निम्न काव्य कृतियों का लोकार्पण किया–

1. फूल भी कांटे भी
2. कविता री फुलवाड़ी
3. आवाज देती है गजल

BIGTEST.IN

## दौसा जिले के 'आयुर्विज्ञान महाविद्यालय' का नाम बदलकर किया "पं. नवल किशोर शर्मा आयुर्विज्ञान महाविद्यालय"

- दौसा के आयुर्विज्ञान महाविद्यालय का नाम बदलकर पं. नवल किशोर शर्मा आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, दौसा किया गया है।

## AIIMS, जोधपुर में बनेगा राजस्थान का सबसे बड़ा ट्रॉमा सेंटर

- अखिल भारतीय राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), जोधपुर में राजस्थान का सबसे बड़ा ट्रॉमा सेंटर बनाया जाएगा।
- बारां में देश का एकमात्र हाईटेक पशु–पक्षी अस्पताल का निर्माण हो रहा है।

## 66वें नेशनल स्कूल गेम्स मे राजस्थान ने जीते कुल 23 पदक

- नई दिल्ली, भोपाल और ग्वालियर में आयोजित 66वें नेशनल स्कूल गेम्स मे राजस्थान ने 6 स्वर्ण, 12 रजत और 15 कांस्य पदक के साथ कुल 23 पदक जीते।

# राजस्थान समसामयिकी – 15 जून 2023

## एनीमिया रोग बैंकिंग में जयपुर को मिला प्रथम स्थान

- चिकित्सा विभाग द्वारा जारी एनीमिया रोग बैंकिंग में जयपुर को प्रथम तथा डूंगरपुर को अंतिम स्थान मिला है।

BIGTEST.IN

- निरोगी राजस्थान अभियान में 0 से 6 साल के बच्चों को तरल दवा (निप्पी) और 6 से 18 साल के बच्चों को टेबलेट (विप्स) देसी दवाई खिलाने का प्रावधान है ।
- बच्चों को एनीमिया बीमारी से बचाने के लिए हर मंगलवार को आंगनवाड़ी और शिक्षण संस्थानों में शक्ति दिवस मनाया जाता है।

## मुख्यमंत्री चिरंजीवी श्रमिक सम्बल योजना

- मुख्यमंत्री चिरंजीवी श्रमिक सम्बल योजना 2023 के लिए देय अनुसार, पंजीकृत श्रमिक एवं चिन्हित स्ट्रीट वेंडर्स और उनके परिवार के 25 से 60 वर्ष के सदस्य (पंजीकृत सक्रिय श्रमिक) को अस्पताल में भर्ती के दौरान 7 दिन की आर्थिक सहायता दी जाएगी।
- भर्ती के समय दैनिक मजदूरी नहीं मिलने की स्थिति में सहायता राशि भर्ती की अवधि या 7 दिवस (जो भी कम हो) के लिए प्रतिदिन 200 रुपये के हिसाब से श्रमिक के बैंक खाते में दी जाएगी।
- सहायता लाभार्थी अथवा परिवार के सदस्य के अस्पताल में न्यूनतम 24 घंटे भर्ती होने पर मिलेगी।

BIGTEST.IN

## महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मेट की प्रति दिवस मजदूरी में बढ़ोतरी

- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत राजस्थान में नियोजित मेट की प्रति दिवस मजदूरी में बढ़ोतरी की गई है।
- प्रदेश में कार्यरत मेट को अब प्रति दिवस 255 रुपये मिलेंगे।
- ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत नियोजित मेटों की मजदूरी दर 240 रुपये प्रति दिवस देय है।
- वर्ष 2023–24 के लिए इसे बढ़ाकर 255 रुपये प्रति दिवस किया गया है।

## राजस्थान में लोक कला विकास बोर्ड का गठन

- राजस्थान की लोक कलाओं से जुड़ी विभिन्न जातियों एवं वर्गों के उत्थान के लिए राज्य में लोक कला विकास बोर्ड का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।
- प्रस्तावित बोर्ड में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के अलावा 7 गेट–सरकारी सदस्य होंगे।
- बोर्ड सचिव एवं कार्यकारी स्टॉफ अलग से होगा।
- इस बोर्ड के गठन की कार्यवाही के लिए जल्द ही नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी।

BIGTEST.IN

- बोर्ड के गठन का उद्देश्य लोक कला एवं कलाकारों को वैश्विक पहचान दिलाना, रोजगार से जोड़ना, लोक कला संस्थाओं को वित्तीय सहायता देना, कलाकारों को मंच उपलब्ध कराना, कलाओं का प्रचार–प्रसार संस्थाओं का पर्यवेक्षण तथा सांस्कृतिक आदान–प्रदान करना है।

## राजस्थान समसामयिकी – 16 जून 2023

### मौसम विभाग ने भीषण चक्रवाती तूफान बिपरजॉय हेतु अलर्ट जारी

- राजस्थान मौसम विभाग ने बिपरजॉय चक्रवाती तूफान हेतु अलर्ट जारी किया है।
- इस चक्रवाती तूफान बिपरजॉय का नाम बांग्लादेश ने दिया है।
- **बांग्ला में बिपरजॉय का अर्थ–विनाशक**
- **2017 से 2022 तक आए तूफानों /चक्रवातो के नाम**
- 2017 में ओखी तूफान
- 2018 में तितली तूफान
- 2019 में फानी तूफान,
- 2020 में अन्फान तूफान,
- 2021 में ताउते तुफान,
- 2022 में असानी तूफान

BIGTEST.IN

- अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में आने वाले समुद्री तूफानों के नाम रखने का सिलसिला 2004 में शुरू हुआ।
- इसके लिए एक सूची बनाई गई।
- इसमें आठ देश है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में बनने वाले तूफानों के नाम बांग्लादेश, भारत, मालदीव, म्यांमार, ओमान, पाकिस्तान, श्रीलंका और थाईलैंड देते हैं।

## राजस्थान की वंदिता सहरिया चौथे वार्षिक हेल्थ फॉर ऑल फिल्म फेस्टिवल में पुरस्कृत

- जिनेवा में विश्व स्वास्थ्य संगठन में आयोजित चौथे वार्षिक हेल्थ फॉर ऑल फिल्म फेस्टिवल में 'When Climate Change Turns Violent' नामक एक वृत्तचित्र ने 'Health for All' श्रेणी में एक विशेष पुरस्कार जीता है।
- डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन राजस्थान की वंदिता सहरिया ने किया है। वह विजेताओं में एकमात्र भारतीय थीं।

## CNG से संचालित देश की पहली टॉय ट्रेन उदयपुर में शुरू

- CNG से संचालित देश की पहली टॉय ट्रेन राजस्थान के उदयपुर के गुलाब बाग में
- महाराणा प्रताप टॉय ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया गया है।

BIGTEST.IN

## दौसा में 60 दिवसीय तम्बाकू मुक्त युवा कैंपेन

- दौसा में युवाओं को तम्बाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुक करने के लिए 60 दिवसीय तम्बाकू मुक्त युवा कैंपेन चलाया जा रहा है।
- राज्य स्तरीय तम्बाकू मुक्त युवा कैंपेन का शुभारंभ 31 मई (विश्व तम्बाकू निषेध दिवस) से किया गया,जो 31 जुलाई तक चलेगा।
- जिले में अभियान के दौरान तम्बाकू मुक्त चिकित्सा संस्थान, शिक्षण संस्थान और तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत बनाई जाएगी।

## ओसियां जोधपुर में लगेगा राज्य का पहला वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट

- स्वच्छ भारत मिशन–2 के तहत राज्य का पहला वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट ओसियां जोधपुर में लगाया जाएगा।

राजस्थान समसामयिकी – 17 जून 2023

## राजस्थान को पवन ऊर्जा के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार

- राजस्थान को पवन ऊर्जा के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- यह सम्मान केन्द्र सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा दिया गया है।

BIGTEST.IN

- राज्य सरकार की ओर से प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री भास्कर ए. सावन्त ने नई दिल्ली में 15 जून को ग्लोबल विंड डे के अवसर पर आयोजित समारोह में यह पुरस्कार प्राप्त किया।
- प्रदेश में वर्ष 2022–23 में 867 मेगावाट क्षमता की नई पवन ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की गई हैं, जो देश में सर्वाधिक है।
- वर्ष 2022 में राजस्थान में 4,337 मेगावाट पवन ऊर्जा क्षमता स्थापित की गई थी, जो कि जो कि वर्तमान में मार्च 2023 तक बढ़कर 5,204 मेगावाट हो गई।

## महारानी अवन्ती बाई लोधी विकास बोर्ड बनाने की घोषणा

- मुख्यमंत्री ने महारानी अवन्ती बाई लोधी विकास बोर्ड बनाने की घोषणा की है।
- वीरांगना अवंती बाई लोधी का 1857 की क्रान्ति में विशेष योगदान रहा था।
- इससे लोधी, लोधा, निषाद, कश्यप, केवट तथा सिद्ध समाज के लिए प्रभावी रूप से योजनाएं बन सकेंगी और विकास होगा।

## बीकानेर में बनेगा कल्चरल क्लब

- जयपुर के जवाहर कला केन्द्र की तर्ज पर वृंदावन एनक्लेव की एक बीघा जमीन में बीकानेर कल्चरल क्लब बनेगा।
- इसमें लगभग 1 करोड़ रूपए की लागत आएगी।

BIGTEST.IN

- इस कल्चरल क्लब हाउस में पारंपरिक गीत, संगीत, नृत्य और लोक कलाओं के प्रशिक्षण, कार्यक्रम सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।
- लोक कलाओं, पारंपरिक गीत–नृत्य, वाद्य यंत्रों के प्रशिक्षण के साथ–साथ इनके संरक्षण और संवर्द्धन से संबंधित गतिविधियां संचालित होंगी।

## राजस्थान समसामयिकी – 18 जून 2023

### दौसा में मेगा जॉब फेयर का आयोजन

- 21 जून 2023 को दौसा में राजस्थान मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा।
- 21 जून को मेगा जॉब फेयर का आयोजन राजेश पायलट स्टेडियम दौसा में होगा।
- इससे पहले मेगा जॉब फेयर 7 जून 2023 को भीलवाड़ा में हुआ था।

### राजस्थान का गर्व सम्मान

- चिरायु अस्पताल को अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के लिए राजस्थान का गर्व सम्मान से सम्मानित किया गया है।
- माउंट आबू में हुए समारोह में राज्यपाल श्री कलराज मिश्र द्वारा यह सम्मान दिया गया।

### तनीषा चौधरी ने सब यूथ वर्ग में पिस्टल में कांस्य पदक जीता

- भोपाल में हुई 21 वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप में राजस्थान की तनीषा चौधरी ने कांस्य पदक जीता है।

BIGTEST.IN

## अजमेर जिले का नवाचार चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो

- अजमेर जिले में बालक और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए 'चुप्पी तोड़ो, खुलकर बोलो' कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।
- राजकीय एवं निजी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 6 से 12वीं के सभी छः लाख से अधिक बालक– बालिकाओं को शारीरिक परिवर्तन तथा माहवारी स्वच्छता जैसे विषयों पर जानकारी दी जा रही है।
- बालिकाओं के ड्रॉपआउट में 60.82% की गिरावट आई है। पुनः प्रवेश की दर में 7.25% की वृद्धि हुई है।

## 3 दिवसीय किसान महोत्सव

- जयपुर के जेईसीसी में तीन दिवसीय 'राजस्थान किसान महोत्सव' का आयोजन किया गया है।
- 16 जून से 18 जून तक चलने वाले इस महोत्सव में प्रदेशभर से हजारों किसानों ने भाग लिया हैं।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने महोत्सव में आयोजित प्रदर्शनी में प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा निर्मित कृषि उपकरणों, सिंचाई यंत्रों, जैविक खाद, फसलों की किस्मों तथा अन्य कृषि उत्पादों का अवलोकन किया।

BIGTEST.IN

## दौसा में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को गोद भराई समारोह के रूप में मनाने की नई पहल

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के दौसा में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को गोद भराई समारोह के रूप में मनाने की नई पहल की सराहना की है।
- दौसा के सांसद जसकौर मीणा ने बताया कि वे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को गोद भराई समारोह के रूप में मनाते हैं।
- इसमें सभी गर्भवती महिलाएं एक साथ आती हैं और उन्हें स्वास्थ्य पोषण किट दी जाती हैं।
- राजस्थान में वर्ष 2022–23 में इस योजना से लगभग साढ़े तीन लाख महिलाओं को लाभ पहुंचा है।

राजस्थान समसामयिकी – 19 जून 2023

## 11वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में राजस्थान ने जीता सिल्वर मेडल

- 16 से 18 जून 2023 हजारीबाग झारखंड में हुई 11वीं राष्ट्रीय सीनियर ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में राजस्थान ने 1000 मीटर की मिक्स इवेंट्स में सिल्वर मेडल जीता है।
- ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में राजस्थान ने पहली बार भाग लिया है।

BIGTEST.IN

## शहीद अजय कुमावत की मूर्ति का अनावरण

- जाखल गांव ,नवलगढ़, झुंझुनू में रविवार को शहीद नायक अजय कुमार कुमावत की मूर्ति का अनावरण किया गया।

## वन्य जीव संरक्षण के लिए 9 करोड़ रुपये स्वीकृत

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने राज्य के तीन स्थानों पर वन्य जीव संरक्षण से जुड़े विकास कार्यों के लिए 9 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।
- इस राशि से पालीघाट, सवाई माधोपुर (राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य) में घड़ियालों के सरंक्षण के लिए 2 करोड़ रुपये।
- खींचन , जोधपुर में कुरजां सरंक्षण के लिए 2 करोड़ रुपये।
- राष्ट्रीय मरू उद्यान , जैसलमेर – बाड़मेर में गोड़ावन संरक्षण के लिए 5 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए जाएंगे।

## जून महीने की रैंकिंग में जैसलमेर जिला पहले स्थान पर

- शिक्षा विभाग की ओर से जारी जून महीने की रैंकिंग में जैसलमेर जिला पहले स्थान पर रहा जबकि अंतिम स्थान पर जालोर की स्थिति रही है
- यह रैंकिंग नामांकन, इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित विद्यार्थियों की संख्या, राजीव गांधी कैरियर गाइडेंस पोर्टल पर विद्यार्थियों द्वारा दी जाने वाली लोगिन संख्या,

BIGTEST.IN

औसत उपस्थिति, लाइबेटी से पुस्तकों का वितरण, राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर खेल गतिविधियों में विद्यार्थियों की भागीदारी, नामांकन बढ़ोतरी के आधार पर दी गई है।

## रावतभाटा से कोबाल्ट सोर्स कनाडा को निर्यात किया जाएगा

- कैंसर इलाज और फूड प्रोसेसिंग, मेडिकल स्टटलाइजेशन में उपयोगी कोबाल्ट टेडिएशन सोर्स एक बार फिर कनाडा को निर्यात किया जाएगा।
- कनाडा की विश्व प्रसिद्ध हेल्थ कंपनी नॉडियन को एक मिलियन क्यूटी कोबाल्ट सोर्स दिया जाएगा।
- कनाडा की इस कंपनी को मेडिकल स्टरलाइजेशन कैंसर इलाज और फूड प्रोसेसिंग के लिए विश्व के कई देशों को आगे नियति करती है।
- नॉर्डियन 70 से अधिक वर्षों से वैश्विक ग्राहकों को कोबाल्ट–60 की अग्रणी प्रदाता रही।
- नोट– रावतभाटा न्यूक्लियर प्लांट में स्वच्छ न्यूक्लियट एनर्जी का इस्तेमाल कर हाइड्रोजन का उत्पादन संयंत्र लगाया जाएगा।

## डॉ. महेन्द्र भानावत लोक भूषण सम्मान से सम्मानित

- महेन्द्र भानावत को यह सम्मान उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ द्वारा लोकसाहित्य एवं लोकपरम्परा से सम्बन्धित भारतीय लोकसाहित्य की विशिष्ट दीर्घकालीन हिन्दी सेवा के लिए दिया गया।

- पद्मश्री कोमल कोठारी सम्मान 2023– कालूनाथ कालबेलिया
- पद्मश्री कोमल कोठारी सम्मान 2022 – डॉ. महेन्द्र भानावत

## राजस्थान में राजीव गांधी ग्रामीण और शहरी ओलम्पिक का आयोजन

- मुख्यमंत्री ने बजट 2023–24 में राजीव गांधी ग्रामीण और शहरी खेलों के आयोजन की घोषणा की थी।
- राजस्थान में 23 जून 2023 से राजीव गांधी ग्रामीण और शहरी ओलम्पिक का आयोजन किया जाएगा ।
- ग्रामीण ओलंपिक के दौरान राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी, खो–खो (महिला वर्ग), शूटिंग बॉल (पुरुष वर्ग), टेनिस बॉल क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, रस्साकशी (महिला वर्ग) खेल होंगे।
- शहरी ओलंपिक के दौरान कबड्डी, वास्केटबॉल टेनिस बॉल क्रिकेट, खो–खो (महिला वर्ग) फुटबॉल (पुरूष वर्ग), वॉलीबॉल एथलेटिक्स (100,200,400 मीटर दौड़) के आयोजन होंगे।
- राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन प्रस्तावित है।

BIGTEST.IN

राजस्थान समसामयिकी – 20 जून 2023

## तस्नीम महजबीन ने पोलैंड में आयोजित वूमेन टेक सम्मिट में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया

- उदयपुर की तस्नीम महजबीन ने 14–15 जून को पोलैंड में हुई वूमेन टेक सम्मिट में भाग लिया।
- प्रदेश से वह एकमात्र महिला रही जो इस सम्मिट का हिस्सा बनी सम्मिट में 85 देशों के करीब 8000 लोगों ने शिरकत की।
- इसमें तस्नीम में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए आईटी और तकनीक में महिलाओं के बढ़ते कदमों का महत्व बताया ।
- इस समिट में हिस्सा लेने के लिए ऑनलाइन एग्जाम की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।
- इसमें आप की प्रतिभा और कार्यशैली से जुड़े प्रश्नों के साथ आपको इस समिति का हिस्सा क्यों बनाया जाए आदि के बारे में पूछा जाता है और इस पर एक निबंध लिखकर भेजना होता है।

## जोधपुर में हस्तशिल्प एवं हथकरघा निदेशालय खोलने की मंजूरी

- राजस्थान के शिल्पकारों तथा बुनकरों के उत्थान के लिए जोधपुर में हस्तशिल्प एवं हथकरघा निदेशालय खोला जाएगा।

BIGTEST.IN

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसके प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
- उद्योग एवं वाणिज्य आयुक्त इस निदेशालय के पदेन निदेशक होंगे।
- निदेशालय शिल्पियों एवं बुनकरों के उत्थान के लिए काम करेगा।

## कृष्णा नागर ने कनाडा पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में जीता गोल्ड मेडल

- पैरा ओलंपिक चैंपियन राजस्थान के कृष्णा नागर ने कनाडा पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में पुरुष एकल SH 6 कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता।
- वहीं पुरुष युगल में शिवराजन के साथ दूसरा स्वर्ण पदक जीता है।

राजस्थान समसामयिकी – 21 जून 2023

## कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर स्विट्जरलैंड के सहयोग से ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर्स की करेगा खोज

- पश्चिमी राजस्थान की कृषि वानिकी में बदलाव लाने के लिए कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर जैव उर्वरक (ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर्स) की ऐसी प्रजाति की खोज करेगा जो पश्चिम राजस्थान के उच्च तापमान व जैविक स्थिति के अनुकूल हो, जिसे क्षेत्र के किसान जैक उर्वरक के रूप में काम ले सकेगा।
- इसके लिए स्विट्जरलैंड की कृषि वानिकी संवर्धन अंतरराष्ट्रीय संस्था ने करीब 1.25 करोड़ की वित्त पोषित 4 वर्षीय परियोजनाएं स्वीकृत की है।

BIGTEST.IN

- परियोजना के अंतर्गत मृदा के पोषक तत्वों व सूक्ष्मजीवों से उत्पादित विभिन्न मृदा किण्वकों अर्थात एंजाइमों का अध्ययन किया जाएगा।
- जिससे मृदा उर्वरक को बनाए रखने में सहायता मिलेगी।

## रांची में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर व सब जूनियर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में पूजा गुर्जर ने जीता सिल्वर मेडल

- रांची झारखंड में 6 से 12 जून तक आयोजित राष्ट्रीय जूनियर एवं सब जूनियर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भीलवाड़ा जिले से बॉडी टेंपल जिम की लिफ्टर पूजा गुर्जर ने 52 किलो वर्ग में डेडलिफ्ट में सिल्वर पदक, बेंच प्रेस में सिल्वर पदक व ओवरऑल सब जूनियर में कांस्य पदक जीता।

## उदयपुर की अर्पण सेवा संस्थान को मिला पहला पुरस्कार

- जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग ने श्रेणियों को शामिल करते हुए चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2022 के लिए संयुक्त विजेताओं सहित कुल 41 विजेताओं को सम्मानित किया।
- सर्वश्रेष्ठ राज्य का प्रथम पुरस्कार– मध्य प्रदेश
- सर्वश्रेष्ठ जिले का पुरस्कार– ओडिशा का गंजम जिला
- सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत – तेलंगाना में भदादी कोठागुडेम जिले के जगन्नाधपुरम ग्राम पंचायत

BIGTEST.IN

- सर्वश्रेष्ठ स्वयं सहायता समूह (एनजीओ) का पुरस्कार – अर्पण सेवा संस्थान, उदयपुर
- सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय का पुरस्कार – चंडीगढ़ नगर निगम, चंडीगढ़

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 की थीम "हर घर आंगन योग"

- राजस्थान में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा।
- इस बार ग्राम पंचायत से जिला स्तर तक मनाया जाएगा।
- इसके लिए हर जिले के कलेक्टर को जिम्मेदारी सौंपी है।
- इस साल की थीम "हर घर आंगन योग" रखी।

## राजस्थान समसामयिकी – 22 जून 2023

## पाली के गोडवाड़ देसुरी में लेपर्ड कन्जर्वेशन रिजर्व विकसित करने को मंजूरी

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पाली के गोडवाड़ देसुरी में लेपर्ड कन्जर्वेशन रिजर्व विकसित करने को मंजूरी दी है।
- सिरोही जिले के संरक्षित वन क्षेत्र वाडाखेड़ा में भी विकास कार्यों करवाए जाएंगे।
- इन कार्यों के लिए 5.15 करोड़ स्वीकृत किए गए।

## राजस्थान में किसान मेलों का आयोजन

- 16 से 18 जून को जयपुर में किसान मेले का आयोजन किया गया ।

BIGTEST.IN

- 26 से 27 जून को उदयपुर में किसान मेले का आयोजन किया जाएगा।
- 30 जून से 1 जुलाई को जोधपुर में किसान मेले का आयोजन किया जाएगा।
- राजस्थान के किसानों को कृषि जगत की नवीन तकनीकों से रुबरू करवाने के उद्देश्य से आयोजित हो रहे संभाग स्तरीय किसान मेलों की श्रृंखला में उदयपुर संभाग का दो दिवसीय संभाग स्तरीय किसान मेला 26–27 जून को उदयपुर में कृषि उपज मंडी सब यार्ड में आयोजित किया जाएगा।

## सिरोही में शहीद मेजर शैतानसिंह की प्रतिमा का अनावरण

- माउंट आबू, सिरोही में मरणोपरांत परमवीर चक्र विजेता मेजर शैतानसिंह की प्रतिमा का अनावरण राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा किया गया।
- मेजर शैतान सिंह का जन्म 1 दिसंबर 1924 को जोधपुर में हुआ।
- मरणोपरांत 1963 में परमवीर चक्र मिला।

## चिकित्सा विभाग द्वारा राजस्थान के 7 जिलों की 29 ग्राम पंचायतों को किया टीबी मुक्त घोषित

- ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए अगस्त 2022 से अप्रैल 2023 तक 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान चलाया गया।
- इसके तहत टीबी रोगियों को जांच और उपचार परामर्श सुविधाएं उपलब्ध कराई गई ।

BIGTEST.IN

- चिकित्सा विभाग द्वारा प्रदेश के 7 जिलों की 29 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है।
- अलवर, चुक, जैसलमेर, सीकर, झुंझुनू, हनुमानगढ़, बूंदी जिलों की 29 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया।

## टोबेको फ्री यूथ' डिजिटल जागरूकता अभियान–2023

- दौसा जिले में 'टोबेको फ्री यूथ अभियान–2023 के तहत पेंटिंग बनाने औ नारा लिखने वालों को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

राजस्थान समसामयिकी – 23 जून 2023

## कोटा में बनेगा राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र एवं डिजिटल प्लेनेटोरियम

- कोटा में जल्द ही राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र एवं डिजिटल प्लेनेटोरियम की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने केंद्र की स्थापना के लिए 7.4 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
- इस केन्द्र पर विद्यार्थी और आमजन दैनिक जीवन में विज्ञान की भूमिका और खगोलीय घटनाओं के रहस्य आकर्षक मॉडल्स के जरिए समझ सकेंगे।
- केंद्र में विज्ञान के कठिन सिद्धांतों को सरलता से समझानेके लिए फन साइंस एवं चौम गेलरीन का निर्माण होगा।

BIGTEST.IN

- भारत के वैज्ञानिकों के बारे में जानकारी उपलब्ध रहेगी।
- यहां 80 दर्शक क्षमता वाला अत्याधुनिक डिजिटल प्लेनेटोरियम बनेगा। इसमें विभिन्न खगोलीय ग्रहों की जानकारी उपलब्ध होगी
- नोट प्रदेश का तीसरा इनोवेशन हब कोटा में बनाया जाएगा।

## गर्भवती महिला और शिशुओं की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए PCTS मोबाईल ऐप लान्च

- चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग ने गर्भवती महिलाओं तथा शिशुओं को दी जा रही।
- स्वास्थ्य सेवाओं की ऑनलाइन ट्रेकिंग, रिपोर्टिंग और मॉनिटरिंग के लिए पीसीटीएस मोबाइल ऐप तैयार करवाया है।
- इसे प्रदेश की 53 हजार से ज्यादा आशाएं मोबाइल पर उनके क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य सेवाओं की डे–टू–डे रिपोर्टिंग कर सकेगी।

## नीरज तंबोलिया को मिला राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड

- भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जयपुर स्थित जे. के. लोन अस्पताल में कार्यरत सीनियर नर्सिंग ऑफिसर नीरज तंबोलिया को नर्सिंग क्षेत्र में उनके समर्पण और उत्कृष्ट सेवाभाव के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड–2022 से सम्मानित किया।

BIGTEST.IN

## फोर्टी व राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल से जुलाई को इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो का आयोजन

- फोर्टी राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के साथ मिलकर केन्या के नैरोबी में 5 से 7 जुलाई को इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो का आयोजन करने जा रहा है।
- इस एक्सपो का उद्घाटन केन्या के प्रधानमंत्री मुसालिया मुदावादी करेंगे।
- नोट–3 सितंबर, 2022 को राजस्थान के उद्योगों के नियति संबंधी विषयों की मॉनिटरिंग व उनसे संबंधित परेशानियों को दूर करने के लिये राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल का गठन किया गया।

## राज्य सरकार द्वारा 50,000 महात्मा गाँधी सेवा प्रेरक नियुक्त

- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शांति व सद्भावना का संदेश घर–घर पहुंचाने के लिए राजस्थान सरकार प्रदेश में 50,000 युवा महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों की नियुक्ति करेगी।
- यह प्रेरक लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाने के साथ महात्मा गांधी पुस्तकालय व सविधान केंद्रों का संचालन भी करेंगे।
- प्रेरकों को प्रतिमाह 24500 मानदेय दिया जाएगा नियुक्ति ग्राम पंचायत और शहरी वार्ड स्तर पर होगी।

BIGTEST.IN

- योग्यता और कार्यकाल न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 12 अथवा समकक्ष होगी न्यूनतम आयु 21 वैदिक अधिकतम 50 वर्ष होनी चाहिए।
- कार्यकाल वर्ष का रहेगा।

## राजस्थान समसामयिकी – 24 जून 2023

### रावतभाटा, राजस्थान में खुलेगा केमिकल न्यूक्लियर इमरजेंसी के लिए NDRF सेंटर

- केंद्र सरकार रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु आपता के खतरे से निपटने के लिए चित्तोड़गढ़ के रावतभाटा में नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स सेंटर ( NDRF) खोलने जा रही है ।
- रावतभाटा में किसी तरह की दिक्कत आने पर भीलवाड़ा के जहाजपुरा में सेंटर शिफ्ट किया जा सकता है।

### आवासन मंडल राजस्थान लीडरशिप अवार्ड 2023 से सम्मानित

- एशिया एचआरडी कांग्रेस ने आवासन मंडल द्वारा निर्मित कोचिंग हब, एआईएस रेजिडेंसी, चौपाटी और मुख्यमंत्री जन आवास योजना को राजस्थान लीडरशिप अवार्ड 2023 पुरस्कार से सम्मानित किया।
- आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया।
- आवासन मंडल को पिछले 4 वर्षों में 27 प्रतिष्ठित अवार्ड मिल चुके हैं।

BIGTEST.IN

## स्वर्ण रजत कला विकास बोर्ड का गठन

- राज्य सरकार द्वारा स्वर्ण रजत कला विकास बोर्ड का गठन किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने बोर्ड गठन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।
- इसका मुख्यालय जयपुर में होगा। बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा 5 गैर सरकारी सदस्य होंगे।
- **बोर्ड के कार्य–**
- स्वर्ण एवं रजत कला समाज की सामाजिक एवं शैक्षणिक स्थिति, समाज की आर्थिक अभिवृद्धि संबंधी सुझाव देना।
- रोजगार बढ़ाने के उपायों की अनुशंसा करना ।
- समाज के विकास एवं कल्याण से संबंधित योजनाओं के प्रारूप बनाना ।
- समाज की कला एवं कारीगरी को बढ़ावा देने के कार्य करना ।
- सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध उपायों को अभिशंसा करना।
- समाज के परम्परागत व्यवसायों को नई तकनीक से लाभदायक स्थिति में लाने के सुझाव देना।

BIGTEST.IN

## विश्व की सबसे ऊंची पंचमुखी बालाजी की 151 फीट की प्रतिमा का शिलान्यास

- उदयपुर जिले के देवारी कुराबड़ मार्ग पर स्थित शिक्षवी गांव के गुरुधाम परिसर में 151 फीट ऊंची पंचमुखी बालाजी की मूर्ति बनने जा रही है। इसका बिलान्यास 24 जून को होगा।
- यह मूर्ति विश्व की सबसे ऊंची पंचमुखी हनुमान प्रतिमा होगी।
- इस मूर्ति को बनने में दो वर्ष का समय लगेगा।
- स्टील कंक्रीट और फाइबर से बनने वाली यह मूर्ति अद्भुत और अलोकिक होगी।
- मूर्ति का निर्माण देश के नामचीन कलाकार और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण करने वाले राम सुधार के निर्देशन में होगा।
- मूर्ति का निर्माण देश के नामचीन कलाकार और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण करने वाले राम सुधार के निर्देशन में होगा।

## राजेन्द्र मोहन शर्मा नरपतसिंह सांखला पुरस्कार 2023 से सम्मानित

- राजेन्द्र मोहन शर्मा को नरपतसिंह सांखला पुरस्कार बाल साहित्य अकादमी सचिव को नरपतसिंह सांखला स्मृति संस्थान बीकानेर की ओर से किया सम्मानित जाएगा।
- कहानी संग्रह– मन के सबरंग के लिए

BIGTEST.IN

- राजेन्द्र मोहन शर्मा की चर्चित पुस्तकें गंगाराम (कहानी संग्रह), टेडी बत्तीसी एवं रंजना की व्यंजना (व्यंग्य संग्रह), विनायक सहस्र बुद्धे (उपन्यास), सुदेव शुक (उपन्यास), महात्मा विदुर (उपन्यास), महामना मार्कण्डेय (उपन्यास), डार्क ड्रीम्स एण्ड यलो शेड्स (उपन्यास)

## डॉ विवेक शर्मा मलेशिया में हुए सम्मानित

- जयपुर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ विवेक शर्मा को मलेशिया की जेंटिंग हाइट्स सिटी में इकोग्रीन एक्टिविटी की सोशल मीडिया पर जागरूकता फैलाने के लिए सम्मानित किया गया ।

## प्रोफेसर अमित जैन लीडरशिप एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

- एजुकेशन सम्मिट 2023 में एमिटी यूनिवर्सिटी राजस्थान जयपुर के वाइस चांसलर प्रोफेसर अमित जैन को लीडरशिप एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किया गया ।

## डॉ रजनीश हर्ष को मिला सीनियर रिसर्च फैलशिप अवार्ड

- भारत सरकार का संस्कृति मंत्रालय जूनियर और सीनियर रिसर्च द्वारा वर्ष 2020 – 21 और वर्ष 2021 – 22 का फेलोशिप अवार्ड एक साथ दिया जा रहा है ।
- राजस्थान के बीकानेर निवासी डॉ रजनीश हर्ष का सीनियर फैलोशिप आवाज में सिलेक्शन हुआ है ।

BIGTEST.IN

- नोट–:जयपुर की रिया जाखड़ ने टीजीपीसी इंडिया के फर्स्ट रनरअप का खिताब जीता है ।

## राजस्थान समसामयिकी – 25 जून 2023

### राजस्थान युवा महोत्सव

- राजस्थान के युवाओं की प्रतिभा को निखारने, उन्हें आगे बढ़ने के लिए मंच प्रदान करने एवं राज्य की लुप्त हो रही लोक कलाओं तथा संस्कृति के संवर्धन के लिए "राजस्थान युवा महोत्सव" का आयोजन किया जाएगा।
- ये आयोजन ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर किए जाएंगे।
- ब्लॉक स्तर पर महोत्सव की गतिविधियां 5 से 25 जुलाई, जिला स्तर पर 26 जुलाई से 10 अगस्त एवं राज्य स्तर पर 20 जो– 22 अगस्त तक होंगी।

### बूंदी में टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी शुरू

- बूंदी जिले में पर्यटन गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए जिले के टाइगर रिजर्व 'रामगढ़ विषधारी वन्य जीव अभयारण्य' में पहली जंगल सफारी का शुभारंभ किया गया है।
- इस जंगल सफारी के रूट पर टाइगर, पैंथर, चितली, हिरण, भालू, जंगली बिल्ली, चीतल आदि को देख सकेंगे।

BIGTEST.IN

- इस अभ्यारण्य क्षेत्र में बड़ी संख्या में मोर, बटेर, बगुला, चील, गिद्ध, उल्लू आदि पक्षी भी नजर आएंगे।

## जोधपुर में बनेगी मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी

- जोधपुर में मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने इस विश्वविद्यालय के प्रथम चरण के कार्यों के लिए 35 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।
- श्री गहलोत ने राज्य बजट वर्ष 2023–24 में मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी खोलने के लिए घोषणा की थी।

## भरतपुर में खुलेगा होम्योपैथिक कॉलेज

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने भरतपुर में होम्योपैथिक महाविद्यालय खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
- मुख्यमंत्री ने राज्य बजट वर्ष 2023–24 में भरतपुर में नया होम्योपैथिक महाविद्यालय खोलने की घोषणा की थी ।

## ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जयपुर ने जीते सात मेडल

- नेपाल के काठमांडू में पांचवी ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2023 का आयोजन किया गया ।

BIGTEST.IN

- इस चैंपियनशिप में भारत नेपाल बांग्लादेश भूटान देश के करीब 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया ।
- इसमें जयपुर के खिलाड़ियों ने 6 सिल्वर मेडल व एक ब्रोंज मेडल जीता ।
- जयपुर के चित्रांश पारीक जूनियर (48 किलो भार) वर्ग में सिल्वर मेडल जीता।
- राजवीर सिंह राठौड़ ने 48 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता।
- भाविक सोनी ने जूनियर (53 किलो भार) वर्ग में सिल्वर मेडल जीता ।
- विहान चटर्जी ने जूनियर (53 किलो भार) वर्ग में सिल्वर मेडल जीता ।
- तेज प्रताप सिंह ने सिल्वर मेडल जीता ।
- सृष्टि सिंह ने 44 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता ।
- लावण्या सिंगल ने 57 किलो भार वर्ग में ब्रोंज मेडल जीता।

## राजस्थान समसामयिकी – 26 जून 2023

### 1 जुलाई से 20 अगस्त के मध्य राजस्थान युवा महोत्सव का आयोजन

- राज्य के लोक तथा दुर्लभ लोक कला व संस्कृति को संरक्षण, संवर्धन और प्रोत्साहन देने के लिए युवा मामले और खेल विभाग की ओर से 1 जुलाई से 20 अगस्त के मध्य राजस्थान युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।
- इस महोत्सव में 15 से 29 वर्ष के प्रतिभाशाली युवा कलाकार शामिल होंगे।

BIGTEST.IN

- **राज्य स्तर पर मिलने वाली राशि–**

1. प्रथम पुरस्कार– (सामूहिक 20,000). (एकल 5000)
2. द्वितीय पुरस्कार (सामूहिक 15,000), (एकल 23000)
3. तृतीय पुरस्कार– (सामूहिक 10,000), (एकल 22000)

## राजस्थान की पहली तथा देश की संभवत: 7वीं ट्रेन – नेरोगेज ट्रैक पर हेरिटेज ट्रेन शुरू

- राजसमंद के कामलीघाट से फुलाद के बीच नेरोगेज ट्रैक पर हेरिटेज ट्रेन शुरू की जाएगी।
- नेरोगेज पर दौड़ने वाली यह अपनी तरह की प्रदेश की पहली तथा देश की संभवत: 7वीं ट्रेन होगी।
- इस ट्रेन से उदयपुर व राजसमंद में पर्यटन में इजाफा होगा।
- ट्रेन 25 किलोमीटर का सफर तय करेगी और अधिकतम रफ्तार 19 किलोमीटर प्रति घंटा होगी।
- ट्रेन का संचालन अजमेर रेल मंडल करेगा।
- यह ट्रेन गोटन घाट, फुलाद, कामलीघाट पर रुकेगी।

BIGTEST.IN

## किरण बादल को बाल साहित्य अकादमी पुरस्कार 2023 देने की घोषणा

- राजस्थान साहित्य अकादमी ने विभिन्न भाषाओं में अपने वार्षिक युवा पुरस्कार 2023 की घोषणा की।
- रायसिंहनगर क्षेत्र की हिंदी एवं राजस्थानी भाषा की प्रसिद्ध साहित्यकार किरण बादल को राजस्थानी वा संस्मरण पुस्तक 'टाबरा री दुनिया' के लिए अकेडमी बाल साहित्य पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया जाएगा।
- किरण बादल को पुरस्कार स्वरुप ताम्र फलक और 50 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी।
- हिंदी में बाल साहित्य के लिए सूर्यनाथ सिंह की पुस्तक "कौतुक ऐप"
- अंग्रेजी में सुधा मूर्ति की पुस्तक "ग्रेडपेरेंट्स वेग ऑफ स्टोरीज"
- पंजाबी के लिए गुरमीत कड़िआलवी की पुस्तक "सची दी कहानी"

## मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना 2023

- राजस्थान सरकार ने प्रदेश की क्षेत्रीय कलाओं और इनसे संबद्ध लोक कलाकारों का सम्मान करने और इन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना 2023' शुरू की है।

BIGTEST.IN

- कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व मंत्री डॉ. वी. डी. कल्ला के अनुसार, इस योजना के तहत लोक कलाकारों को स्थानीय क्षेत्रों में 100 दिवस के लिए कला प्रदर्शन के अवसर देना सुनिश्चित किया जाएगा।
- कलाकारों को राजकीय समारोह मेले–त्योहार, स्कूल–कॉलेज आदि में अवसर दिए जाएंगे।

## जयपुर शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार 2023 से सम्मानित

- माउंट आबू में आयोजित समारोह में यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर को राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया ।

## बीएसएफ के जवान सुंदर सिंह पुलिस पदक से सम्मानित

- बीएसएफ के जवान सुंदर सिंह को तस्करों से अकेले भिड़ने पर पुलिस पदक से सम्मानित किया गया
- भारत में हवलदार के पद पर तैनात सुंदर सिंह 29 जनवरी 2021 को बंगाल के मालदा जिले में भारत बांग्लादेश बॉर्डर पर तैनात अपनी जान की परवाह किए बिना 5–6 तस्करों से अकेले ही भिड़ गए थे।

BIGTEST.IN

राजस्थान समसामयिकी – 27 जून 2023

## कोटा जिले में मेगा जॉब फेयर का आयोजन

- राजस्थान के कोटा जिले में 27 से 28 जून 2023 को मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा।
- मेगा जॉब फेयर का आयोजन श्री महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम परिसर, नयापुरा कोटा में किया जाएगा।

## कोटा में बनेगा राज्य का तीसरा इनोवेशन हब

- सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 200 करोड़ की लागत से राज्य का तीसरा इनोवेशन हब कोटा जिले में बनाया जायेगा।
- राजीव गांधी नॉलेज एण्ड सर्विस इन्नोवेशन हब का कोटा, जोधपुर, जयपुर में निर्माण किया जाएगा।
- इस महत्वाकांक्षी परियोजना की लागत 600 करोड़ रुपये होगी।

## साहित्य अकादमी, नई दिल्ली द्वारा राजस्थानी भाषा श्रेणी में युवा पुरस्कार 2023 देवीलाल महिया को देने की घोषणा

- साहित्य अकादमी, नई दिल्ली द्वारा राजस्थानी भाषा श्रेणी में युवा पुरस्कार 2023 देवीलाल महिया को देने की घोषणा की गई है।
- साहित्य अकादमी अवार्ड 24 भाषाओं में दिया जाता है।

BIGTEST.IN

- नोट– आशीष पुरोहित को वर्ष 2022 में राजस्थानी भाषा में युवा पुरस्कार से सम्मानित
- नोट– किरण बादल को राजस्थानी बाल संस्मरण पुस्तक 'टाबरा री दुनिया' के लिए अकेडमी बाल साहित्य पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया जाएगा।

## कोटा में बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा ओपन जू

- राजस्थान के कोटा जिले में प्रकृति आधारित रिवर फ्रंट दुनिया का सबसे बड़ा ओपन जो बनेगा ।
- इसका सेकंड फेज नयापुरा चंबल ब्रिज से लेकर चंबल ओवर ब्रिज के बीच दोनों किनारों पर 6.50 – 6.50 किलोमीटर लंबा बनाया जाएगा ।
- इसकी कुल लंबाई 13 किलोमीटर होगी, और पूरा रिवरफ्रंट 19 किलोमीटर लंबा हो जाएगा ।
- ओपन जू की लागत लगभग 900 करोड़ रुपए होगी ।
- दुनिया का सबसे बड़ा ओपन जू, देश का पहला पेंग्विन जू और बर्ड पार्क बनेगा ।
- 3 बड़े म्यूजियम आईलैंड पर हिस्ट्री म्यूजियम और एक विशाल स्टेच्यू बनाया जाएगा ।

BIGTEST.IN

## यादव समाज के लिए राज्य सरकार ने श्री कृष्ण बोर्ड के गठन को दी मंजूरी

- यादव समाज के लिए राज्य सरकार ने श्री कृष्ण बोर्ड के गठन को मंजूरी प्रदान की है।
- **राजस्थान में गठित प्रमुख बोर्ड**
- स्वर्ण रजत कला विकास बोर्ड–
- सदस्य 7 (1 अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, 5 सदस्य)
- लोक कला विकास बोर्ड–
- सदस्य 9 ( अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सहित)
- वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप बोर्ड गठन को मंजूरी
- सदस्य 9 (अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित)
- राजस्थान राज्य वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड–
- सदस्य 9 ( अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित)
- नोडल विभाग सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग
- श्री गुरु नानक देव सिख कल्याण बोर्ड–
- प्रशासनिक विभाग– अल्पसंख्यक मामलात विभाग
- सदस्य 7 (1 अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, 5 सदस्य)

BIGTEST.IN

- राजस्थान राज्य गाडिया लोहार कल्याण बोर्ड–
- 19 नवम्बर, 2022 को मंजूरी मिली
- सदस्य 7 (1 अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, 5 सदस्य),
- विभाग – सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग

## जयपुर में ब्लू पॉटरी सेंटर फोर एक्सीलेंस एण्ड लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना

- ब्लू पॉटरी सेंटर फोर एक्सीलेंस एण्ड लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना जयपुर में की जाएगी।
- राज्य सरकार के उद्योग विभाग ने राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (आरईपीसी) के साथ मिलकर ब्लू पॉटरी के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए यह योजना बनाई है।
- इसका उद्देश्य देश–दुनिया में राजस्थान की ब्लू पॉटर की विशिष्ट पहचान को नई ऊंचाई पर ले जाना है।

## राजस्थान के 13 शहरों में ग्रीन लंग्स (वन क्षेत्र) विकसित करने के लिए 19 करोड़ रुपये के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान के 13 शहरों में ग्रीन लंग्स (वन क्षेत्र) विकसित करने के लिए 19 करोड़ रुपये के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
- इससे शहरों के आसपास वन क्षेत्रों का विकास किया जाएगा।

BIGTEST.IN

- प्रस्ताव के अनुसार, अलवर के मूंगस्का, चूरू के राजगढ़, चित्तौड़गढ़ के मंगलवाड़, राजसमंद के नाथद्वारा और गणेश टेकड़ी एवं उदयपुर के रिसाला में 2–2 करोड़ रुपये तथा बांरा के खेरखेड़ी, बांसवाड़ा के श्यामपुरा, चित्तौड़गढ़ के किला, दौसा के नीलकंठ महादेव, जयपुर के कानोता बांध, राजसमंद के बांदरिया मगरा एवं टोंक के कच्चा बांध क्षेत्र में 1–1 करोड़ रुपये की लागत से वन क्षेत्रों का विकास कर इन्हें आमजन के लिए खोला जाएगा।

## राजस्थान समसामयिकी – 28 जून 2023

### डायल फ्यूचर कार्यक्रम

- डायल फ्यूचर कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा मंत्री बी डी कल्ला द्वारा 27 जून 2023 को किया गया।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य राजस्थान में शिक्षा विभाग द्वारा 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों की कॅरिअर काउंसलिंग के लिए 'डायल फ्यूचर' कार्यक्रम का शुभारंभ करना है।
- प्रदेश के सभी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को अब कॅरिअर से संबंधित मार्गदर्शन मिलेगा।
- स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 27 जून को डायल फ्यूचर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा।

BIGTEST.IN

## वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में सुंदर गुर्जर और संदीप चौधरी का चयन

- राजस्थान के सुंदर गुर्जर और संदीप चौधरी पेरिस में होने वाली वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।
- सुंदर गुर्जर करौली जिले के रहने वाले हैं।
- संदीप चौधरी झूंझूनू के निवासी हैं।
- संदीप चौधरी एफ 44 और सुंदर गुर्जर एफ 46 कैटगरी भाला फेंक / जेवेलिन थ्रो में दावेदारी पेश करेंगे।

## मीरा बनी 'श्री अन्न श्री चरणों में' अभियान की ब्रांड एंबेसेडर

- मोटे अनाज (मिलेट्स) के महत्त्व को प्रोत्साहन देने वाला 'श्री अन्न श्री चरणों में' अभियान की ब्रांड एंबेसेडर बीकानेर देशनोक की मीरा को बनाया गया है।
- मोटे अनाज (मिलेट्स) के महत्व को प्रोत्साहन देने वाला अभियान – श्री अन्न, श्री चरणों मे" शुभारंभ जोहानिसबर्ग स्थित इंडियान कॉउंसलेट ने किया था।
- इसके महत्व को समझते हुए जयपुर फुट यूएसए व राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नार्थ अमेरिका (राना) के चेयरपर्सन प्रेम भंडारी ने इस अभियान को अमेरिका में भी आगे बढ़ाया।
- 2023 को पूरी दुनिया अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में मना रही है।

BIGTEST.IN

राजस्थान समसामयिकी – 29 जून 2023

## तटरक्षक मेडल से सम्मानित सैनिकों को राज्य सरकार द्वारा देय सुविधाओं का मिलेगा लाभ

- प्रदेश में अब तटरक्षक मेडल से अलंकृत सैनिकों को भी राजस्थान शौर्य पुरस्कार (नकद पुरस्कार और भूमि अनुदान) नियम 1966 के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा देय सुविधाओं का लाभ मिलेगा।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में आवश्यक स्वीकृति प्रदान की है।
- प्रस्ताव के अनुसार, राष्ट्रपति तटरक्षक मेडल (वीरता) धारकों को 6 लाख रुपये नकद एवं 25 बीघा सिचित भूमि या भूमि के एवज में 25 लाख रुपये नकद दिए जाएंगे।
- तटरक्षक मेडल (वीरता) धारकों को 30 हजार रुपये नकद एवं 25 बीघा सिंचित भूमि या भूमि के एवज में 25 लाख रुपये नकद राशि दी जाएगी। पदक धारकों को ये लाभ 26 जनवरी, 1990 से देय होंगे।
- राज्य बजट वर्ष 2023-24 में इस संबंध में घोषणा की गई थी।

## जयपुर, जोधपुर एवं कोटा में मनोवैज्ञानिक परामर्श केंद्र खोले जाएंगे –

- मुख्यमंत्री ने साइकोलॉजिकल काउंसलिंग जयपुर, जोधपुर एवं कोटा मेडिकल कॉलेजों में सेंटर स्थापित किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

BIGTEST.IN

- प्रस्ताव के अनुसार, यह सेंटर चिकित्सा महाविद्यालय अथवा चिकित्सालय में उपलब्ध स्थान पर संचालित किए जाएंगे।
- इससे लोगों को मनोवैज्ञानिक परामर्श मिल सकेगा।

## पं. जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी की पत्रिका 'सतरंगा बचपन' का लोकार्पण

- 27 जून 2023 को पं. जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी की पत्रिका 'सतरंगा बचपन' का लोकार्पण हुआ।
- सतरंगा बचपन में 19 कहानियां व 8 बाल साहित्य विमर्श है, इसका संपादन सत्यदेव संवितेन्द्र ने किया है, अंजीव अंजुम ने संपादन में सहयोग एवं पत्रिका के आवरणपृष्ठ के शिल्प राजेन्द्र मोहन शर्मा तैयार किया।
- इस अवसर पर अकादमी अध्यक्ष श्री इकराम राजस्थानी की किताब 'इकराम की दुनिया का भी लोकार्पण हुआ।

## डॉ. मीरा श्रीवास्तव महादेवी वर्मा स्मृति सम्मान–2023 से सम्मानित

- ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस ने बीकानेर की बेटी डॉ. मीरा श्रीवास्तव को महादेवी वर्मा स्मृति सम्मान–2023 से नवाज़ा है।

BIGTEST.IN

- दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेन्टर स्थित कमला देवी कॉम्प्लेक्स के मल्टीपरपज हॉल में आयोजित इस कांफ्रेंस में जाने–माने अभिनेता और पूर्व केन्द्रिय मंत्री शत्रुघ्न सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे।
- डॉ. मीरा श्रीवास्तव का नाम देश के जाने–माने वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों में बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है ।
- और अंतराष्ट्रीय स्तर उनके रिसर्च पेपर्स प्रकाशित हो चुके हैं।
- डॉ. मीरा श्रीवास्तव बीकानेर के डूंगर कॉलेज के प्राणी शास्त्र विभाग की अध्यक्ष रही है ।
- और प्राचार्या, राजकीय महाविद्यालय, लूणकरणसर से सेवानिवृत हुई हैं।
- उन्हें ये सम्मान मिलने पर शिक्षा जगत में हर्ष का माहौल है।

## राजस्थान सरकार और डेनमार्क के बीच समझौता

- राजस्थान सरकार और डेनमार्क के बीच प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए समझौता हुआ।
- प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जल स्रोतों के विकास, पेयजल वितरण व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, पेयजल छीजत कम करने की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं।

BIGTEST.IN

- जलापूर्ति प्रबंधन, गैर राजस्व जल, वेस्ट वॉटर रिसाइकल, नदियों का पुनरुद्धार सहित अन्य क्षेत्रों में काम करने के लिए शहरों को तीन श्रेणियों में रखा जाएगा।
- पहली श्रेणी में दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहर, दूसरी श्रेणी में एक लाख से दस लाख तक की जनसंख्या वाले शहर तथा तीसरी श्रेणी में एक लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों को रखा गया है।
- जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी है।

## राजस्थान समसामयिकी – 30 जून 2023

### अमृतसर – जामनगर एक्सप्रेस–वे

- अमृतसर जामनगर एक्सप्रेस–वे राजस्थान सहित पंजाब, हरियाणा व गुजरात के 17 जिलों को जोड़ेगा।
- यह एक्सप्रेस–वे राजस्थान के 6 जिलों से होकर गुजरेगा।
- पंजाब के अमृतसर को गुजरात के जामनगर से जोड़ेगा।
- पंजाब के अमृतसर, जालंधर, फिरोजपुर, मोगा, बठिंडा, हरियाणा का सिरसा, राजस्थान का श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, जोधपुर, बाड़मेर व जालोर, गुजरात का थाद, राधनपुर, सामखियाली, गांधीधाम व जामनगर ।
- **अमृतसर – जामनगर एक्सप्रेस–वे की लंबाई –**

1. राजस्थान – 637 किमी

BIGTEST.IN

2. गुजरात – 380 किमी

3. पंजाब – 155 किमी

4. हरियाणा – 85

- अमृतसर – जामनगर एक्सप्रेस–वे की कुल लंबाई– 1257 किलोमीटर है।
- इस एक्सप्रेस –वे (अमृतसर – जामनगर एक्सप्रेस–वे) का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 जुलाई 2023 को करेंगे ।
- यह अमृतसर से जामनगर के बीच की दूरी को करीब 200 किलोमीटर घंटा देगा।
- इस एक्प्रेसवे को भी भारतमाला परियोजना के तहत बनाया जा रहा है।
- इस एक्सप्रेसवे को 26000 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है।

## वर्तमान में राजस्थान के मुख्य सचिव के कार्यकाल में 6 महीने की बढ़ोतरी

- राजस्थान की मुख्य सचिव उषा शर्मा को केंद्र सरकार ने छह महीने का एक्सटेंशन दे दिया है। अब वे 31 दिसंबर 2023 तक पद पर बनी रहेंगी।
- केंद्र सरकार से एक्सटेंशन मिलने के बाद अब उषा शर्मा के सीएस रहते हुए ही विधानसभा चुनाव होंगे और फिर नई सरकार का गठन होगा। नई सरकार बनने तक वे इस पद पर रह सकेंगी।

BIGTEST.IN

## जयपुर की परमप्रीत मेहरा ने 'मिसेज इंडिया 2023' का खिताब जीता

- दिल्ली में आयोजित ब्यूटी पेजेंट में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाली परमप्रीत मेहरा ने 'मिसेज इंडिया 2023' का खिताब अपने नाम किया।
- इस प्रतियोगिता में देश भर से 270 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।
- जयपुर की परमप्रीत मेहरा प्रथम श्रेणी की विजेता रहीं।

## उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत ने तमिलनाडु में राजस्थानी संघ भवन का किया उद्घाटन

- 28 जून, 2023 को राजस्थान की उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत ने राजस्थानी संघ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में तमिलनाडु राज्य के कोयम्बटूर जिले में नवनिर्मित राजस्थानी संघ भवन का उद्घाटन किया।
- इस भवन के निर्माण से कोयम्बटूर शहर में रह रहे प्रवासी राजस्थानियों को विभिन्न सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।
- साथ ही, राजस्थानी कला और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम, प्रदर्शनी भी आयोजित हो सकेंगी, जिससे सांस्कृतिक आदान–प्रदान को बढ़ावा मिल सकेगा।

## राज्य स्तरीय लाभार्थी उत्सव 2023

- राज्य स्तरीय लाभार्थी उत्सव 3 जुलाई 2023 को जयपुर के झालाना संस्थानिक क्षेत्र में स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जाएगा।

BIGTEST.IN

- समारोह में सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं की राशि पेंशनधारियों के खातो में स्थानांतरित की जाएगी।
- राजस्थान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन न्यूनतम 1,000 रुपये प्रतिमाह किया गया है।
- साथ ही, प्रतिवर्ष स्वतः ही 15% वृद्धि का प्रावधान किया गया है।

## नेशनल तैराकी में राजस्थान के 4 खिलाड़ी चयनित

- हैदराबाद में होने वाली नेशनल सीनियर तैराकी चैंपियनशिप में राजस्थान के 4 खिलाड़ियों का चयन हुआ है ।
- तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास है।
- पुरुष वर्ग में युग चेलानी, मोहम्मद अनस, कृष्णादित्य सिंह व महिला वर्ग में योग्या सिंह का चयन हुआ है ।

## जूनियर महिला हैंडबॉल टीम में माया व शारदा कंवर का चयन

- एशियन महिला जूनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में राजस्थान की माया व शारदा कंवर का चयन हुआ है ।

BIGTEST.IN

Other Topic Important Links
**Rajasthan Daily Current Affairs**
**Rajasthan Latest Job Alert**
**Science More Important Topics you can click here**
**Hindi More Important Topics you can read here**
**Rajasthan GK More Important Topics click here**

**Psychology More Important Topics you can read here**

**Follow us on Facebook**

BIGTEST.IN